तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

12 दो किसानों की पैंतीस क्विंटल सरसों खरीदी


12 2068 लाभार्थियों को मिली पहली किश्त




# R.E.D. GROUP OF SCHOOLS

## CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI

SINCE : 1987

(Affiliated with CBSE, New Delhi)

RED is a pioneering, innovative & learning organization serving the society since 1987. It has the environment for nurturing good habits, life skills, values, character and attitude among students through its daily working routines, methods and processes.

## REGISTRATION OPEN
### FOR THE SESSION 2025-26
### FOR CLASSES : NUR. TO 9TH & 11TH

## ADMISSION TEST
### 23-03-2025 (Sunday)

### OUR SPECIAL FEATURES
- RED has professional leadership and creates shared vision with ownership, commitment and alignment of all its stakeholders.
- RED ensures regular professional development of all teachers.
- Coaching for IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- Scholarships & Awards for meritorious students of Nur. to XII.
- Special concessions for SC/ST, Physically challenged and Siblings.






### SPECIAL ACHIEVEMENTS & SUCCESSES
- Regular 100% Results in CBSE Board Exams of 10th & 12th.
- Regular Selections in IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- RED alumni serving the society in different capacities such as Civil Servants, Doctors, Engineers, Army Officers, Teachers, Lawyers, Bankers and other areas.
- A lot of our alumni are serving various foreign countries in different disciplines.

### SCHOOL ENVIRONMENT, ROUTINES & PROCESSES
- Safe, disciplined, respectful & learning environment.
- Child centric activity based experiential teaching learning processes for learning & growth of students.
- Well defined and organized Club & House system for school and inter-school level activity exposure for nurturing co-scholastic skills of students.
- Well designed assessment processes for both Academic & Co-curricular Activities.



### INFRASTRUCTURE FACILITIES
- World class, lush green CCTV monitored school campus with 24×7 hours power backup.
- Well ventilated, lighted and spacious Smart class rooms
- Well equipped Libraries, Labs for all subjects and excellent facilities for indoor & outdoor sports.

## Hostel Facilities for Boys only at Chhuchhakwas Branch


Chhuchhakwas


Jhajjar


Charkhi Dadri

9992114101 (Chhuchhakwas) | 9992600417 (Jhajjar) | 9992113926 (Charkhi-Dadri)

For more details, kindly visit : www.redschools.org

## खबर संक्षेप

### टाटा एस गाड़ी से पांव बंधे दो पशु बरामद

जींद। गोरक्षकों ने गांव अहिरका के निकट टाटा एस गाड़ी को काबू कर उसमें से दो बैलों को बरामद कर दो लोगों को पुलिस के हवाले किया है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों व्यक्तियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम तथा हरियाणा गोवंश संरक्षण तथा गोवंश संवर्धन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### जर्जर मकानों का नए सिरे से किया जा रहा सर्वे

जींद। ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर मकानों का नया सर्वे गत एक मार्च से शुरू कर दिया है, जो 31 मार्च तक चलेगा। इस सर्वे का उद्देश्य चालू वित्त वर्ष से आगामी 2028-29 तक पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध करवाना है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) विकसित योजना को संचालित किया जा रहा है।

### खेत से सोलर पैनल मोटर-उपकरण चोरी

जींद। गांव ईगराह में बीती रात चोरों ने खेतों से दो सोलर प्लेट मोटर तथा कंट्रोलर को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ईगराह निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में सोलर पैनल लगाया हुआ था। चोरों ने खेत से सोलर प्लेट मोटर तथा कंट्रोलर को चोरी कर लिया। इसी प्रकार पड़ोसी सतीश के खेत से भी सोलर पैनल मोटर तथा कंट्रोलर को चोरी कर लिया गया।

### मां भगवती जागरण का आयोजन 29 मार्च को

जींद। शहीदे आजम युवा क्लब के तत्वावधान में 39वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन 29 मार्च को पटियाला चौंक स्थित जागरण ग्राऊंड में किया जाएगा। जागरण को लेकर वीरवार को क्लब सदस्य प्रधान गुलशन सलूजा के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. मनजीत से मिले और उन्हें जागरण को लेकर निमंत्रण दिया।

### संगठन को कारपोरेशन लिमिटेड से मिली मान्यता

जींद। हरियाणा में डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन को हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लि. पंचकूला एचकेसीएल से मान्यता मिली है। अब जींद में अर्बन एस्टेट स्थित कार्यालय में सामाजिक संस्था महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा एचकेसीएल के साथ मिल कर विभिन्न कम्प्यूटर कोर्सेज में नए सत्र से युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### कुरूक्षेत्र प्रदर्शन में पहुंचे उचाना से किसान

जींद। गुरूवार को एसकेएम हरियाणा के आह्वान पर कुरूक्षेत्र में राज्यस्तरीय विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए उचाना से किसान नेता आजाद पालवां की अगुवाई में ट्रेन से रवाना हुए। पालवां ने कहा कि पंजाब के खिनौरी एवं शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन पर पंजाब पुलिस द्वारा कार्यवाही की निंदा करते है। केंद्र सरकार द्वारा वार्तालाप के लिए किसान नेताओं को चंडीगढ़ में बुलाया गया था।

### मृत्यु हमारे कर्मों का अंत नहीः रामनिवास

जींद। असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि किसी भी प्राणी की एक जन्म की मृत्यु उसके अगले जन्म का आरंभ होती है। मृत्यु होने के बाद चाहे हमें पिछले जन्मों की बातों का प्रत्यक्ष रूप से ज्ञान ना रहे लेकिन जीव को सूक्ष्म रूप से उसके जन्म जन्मों के कर्मों का ज्ञान बना रहता है।

### बेलरखा आयुष्मान आरोग्य केन्द्र का भ्रमण किया

नरवाना। राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी एनएसएस स्वयंसेवकों ने 20 मार्च को बेलरखा आयुष्मान आरोग्य केन्द्र का भ्रमण किया। दिन के कार्य की शुरुआत एन एस एस गीत से की। प्रभारी प्रदीप एमपीएच डब्ल्यू और रीतू रानी ने एनएसएस स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

## नागरिक अस्पताल के गेट पर बंदरों का कब्जा


# पैंतीस रिमाइंडर के बाद भी नहीं मिली लोगों को बंदरों से निजात

### मरीजों को एंट्री में हो रही दिक्कत, डीसी से लगा चुके गुहार

अस्पताल के वार्ड में दाखिल मरीजों का सामान उठाकर ले जा रहे बंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल को बंदरों के आतंक से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। अस्पताल के पीपी सेंटर की तरफ से सिविल अस्पताल में एंट्री पर बंदरों का कब्जा है। इस कारण मरीजों को अस्पताल में एंट्री के लिए पसीना बहाना पड़ता है। बंदरों का झुंड यहां घूमता रहता है। कई बार बंदर मरीजों को भी काट चुके हैं। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ की गुहार पर भी अधिकारियों की आंख नहीं खुल रही। अस्पताल में बंदरों के आतंक से हर कोई परेशान है। यहां पर दर्जनों बंदर घूमते हैं। अस्पताल के वार्ड में दाखिल मरीजों का सामान बंदर उठाकर ले जा रहे हैं। इसके अलावा कई मरीजों को बंदर काट चुके हैं लेकिन मरीजों और अस्पताल के कर्मियों की फरियाद शायद अधिकारियों के कानों तक नहीं पहुंच रही। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ बंदरों के आतंक का मुद्दा लगातार उठा रहा है और डीसी को



#### टीम बोली : हमारा ठेका खत्म

प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा के अनुसार सिविल अस्पताल में लगभग एक साल पहले बंदर पकडने के लिए टीम आई थी लेकिन उस द्वारा लगभग 20 बंदर ही पकड़े गए थे। टीम जाते समय यह कहकर चली गई कि शेष बंदर दोबारा पकडने के लिए पुनरू आएंगे। परंतु बार-बार लगातार पत्र लिखने के बावजूद एक टीम द्वारा 23 फरवरी 2025 को 14 बंदर, तीन मार्च को आठ बंदर तथा उसके दो दिन बाद चार बंदर नागरिक अस्पताल से पकड़े गए। परंतु अन्य बंदरों को पकडने की बजाय यह कहकर वापस चली गई कि हमारा ठेका खत्म हो गया है।

पत्र लिखकर समस्या से अवगत करवा रहा है। हैरानी की बात यह है कि 35 बार रिमाइंडर भेजने के बाद भी कोई रिस्पांस संघ को नहीं मिला है। सिविल अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मरीजों को बंदरों के आतंक से बचाने के लिए सारा दिन लगे रहते हैं लेकिन बंदरों का झुंड कुछ देर बाद फिर से सिविल अस्पताल में पहुंच जाता है। डयूटी टाइम में तो चतुर्थ श्रेणी द्वारा बंदरों को भगा दिया जाता है लेकिन शाम होते ही अस्पताल के गेट पर बंदरों का कब्जा हो जाता है, ऐसे में शाम के समय में यहां आने वाले मरीजों को खासी दिक्कत होती है। पीपी सैंटर से अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का रास्ता जुड़ता है और पुरानी बिल्डिंग में ही एमरजैंसी है। कई मरीज इस रास्ते का उपयोग एमरजैंसी के लिए करते हैं। इसके अलावा शिशु विभाग भी पुरानी बिल्डिंग में है। महिलाएं भी यहां रहती है। कई बार बंदरों के आतंक के कारण शाम के समय में यहां बने पार्क में मरीज नहीं बैठ पा रहे हैं। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष और पीपी सेंटर के अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने 35वीं बार डीसी को रिमाइंडर भेज कर जनहित से जुड़ी बंदरों की समस्या से अवगत करवाया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि नागरिक अस्पताल में सैंकडों की संख्या में बंदरों का झुंड घुमता रहता हैए जिसके कारण नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बंदर नागरिक अस्पताल मे किसी ने किसी व्यक्ति पर हमला करके उसको घायल कर रहे हैं। कई बार तो बंदर नागरिक अस्पताल में दाखिल मरीजों के बिस्तर पर पहुंच कर मरीज को घायल कर चुके और अनेक बार कमरों मे घुस कर कंप्यूटर सहित नागरिक अस्पताल के रिकार्ड को नष्ट भी कर चुके हैं।

# जुलाना कस्बे में बंदरों का आतंक

- कॉलेज की छात्रा को काटा तो नपा चेयरमैन को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे में बंदरों का आतंक देखने को मिल रहा है। कई बार इसकी शिकायत भी दी गई लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। जुलाना के राजकीय कालेज में एक छात्रा को बंदरों ने काट लिया तो कालेज प्रशासन हरकत में आया और ज्ञापन देने के लिए जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा के कार्यालय पहुंचे और बंदरों को पकडऩे की मांग की। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य विजेंद्र सिंह ने बताया कि कई बार बंदरों को पकडऩे के लिए नपा सचिव को लिखा जा चुका है लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। कॉलेज में बंदरों का इस कदर आतंक है कि छात्राएं अकेली बाहर निकलने में भी कतराती हैं। इसके अलावा कमरों में भी बंदर घुस जाते हैं जिसके कारण कमरों में गंदगी का माहौल बना हुआ है। कई बार छात्रों को बंदर काट भी चुके हैं। हालांकि जुलाना में नगरपालिका द्वारा दावा किया जा रहा है कि नपा द्वारा दो हजार बंदर पकडऩे का टेंडर दिया गया था लेकिन बंदर फिर से आ गए हैं। अब दोबारा से बंदर पकडऩे के लिए टेंडर लगाया जाएगा।



जुलाना। चेयरमैन डा संजय जांगड़ा को ज्ञापन सौंपते कालेज स्टाफ व छात्र।

#### हाउस की मीटिंग में प्रस्ताव पास

नगर पालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने बताया कि जुलाना के राजकीय कालेज में बंदरों की समस्या को लेकर कालेज की छात्राएं और स्टाफ मिला था। हाउस की मीटिंग में बंदर पकडने का प्रस्ताव पास करवाया जाएगा और कॉलेज में बंदर पकडने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जींद। हिंदू कन्या कालेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं संचालन कंप्यूटर साइंस विभाग की सहायक अध्यापिका शिवानी गर्ग ने किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका अमित कुमार तथा नरेश कुमार ने निभाई जोकि हरियाणा पुलिस के साइबर क्राइम विभाग में सहायक उप निरीक्षक तथा उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।



जींद। जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### खेलों से सर्वांगीण विकासः प्रो. कुलदीप

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा वालीबाल इंट्राम्यूरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. कुलदीप नारा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों की कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। जिसमें बीपीएड प्रथम वर्ष की टीम ने दोनों वर्गों (लड़के और लड़कियां) में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सुनीता विलियंस की वापसी पर मनाई खुशी

नरवाना। शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में प्रसिद्ध भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स व बुच विल्मर के अंतरिक्ष से धरती पर सफलतापूर्वक लौटने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में स्कूल के छात्रों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने अपने संबोधन में सुनीता विलियम्स के साहस और उनकी टवसोंहमद की सराहना की और कहा कि वे हमारे देश के लिए गर्व का विषय हैं। बताया कि भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आई हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक विस्तारित मिशन को पूरा किया है। 63 वर्षीय विलियम्स ने अंतरिक्ष में 9 महीने बिताए जिससे वह सबसे अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली महिलाओं में से एक बन गई हैं।



नरवाना। खुशी मनाते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। श्रमदान करते स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

### युवा राष्ट्र का निर्माताः दिनेश राणा

नरवाना। सनातन धर्म महिला कालेज में चल रहे विवि स्तर के एनएसएस शिविर के चौथे दिन की शुरुआत योगाभ्यास से की गई। योगाभ्यास प्रशिक्षक डॉ धूप सिंह मलिक पतंजलि योगपीठ नरवाना के द्वारा करवाया। श्रमदान सत्र के अंदर गुरुसर में सार्वजनिक स्थानों पर जैसे मंदिर, दादा खेड़ा, चौपाल, स्कूल, योगशाला में पौधारोपण के साथ.साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया। दोपहर बाद बौद्धिक सत्र में विशिष्ट वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉ आनंद टंडन जी आए। अपने वक्तव्य में युवा जीवन में एन एस एस की भूमिका विषय पर बल दिया। दूसरे वक्ता दिनेश राणा डायरेक्टर सपोट्र्स पूर्व एन एस एस कोऑर्डिनेटर रहे। राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपना वक्तव्य देते कहा कि युवा राष्ट्र का निर्माता है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर सेमिनार

जींद। उचानाकलां में स्वामी गणेश आनंद सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां एवं एसडी कन्या कालेज उचाना मंडी द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रो डा. लवलीन मोहन कुलसचिव चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद मुख्य वक्ता देशराज शर्मा महामंत्री विद्या भारती उत्तर क्षेत्र पहुंचे। देशराज शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के ऊपर चर्चा करते हुए बताया कि यह शिक्षा नीति रिसर्च बेस्ड लर्निंग या एक्सपीरियंस बेस्ड लर्निंग के ऊपर आधारित है। इसमें मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ छात्रों में सृजनात्मक, नेतृत्व और रचनात्मकता का विकास करना इत्यादि के ऊपर आधारित है। जेएन वालिया केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के ऊपर चर्चा करते कहा कि यह हमारी तीसरी शिक्षा नीति है।



जींद। स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते सेमिनार आयोजक।




नगर पालिका में आरआरआर सेंटर का शुभारंभ करते सचिव अरविंद कुमार।

### जरूरतमंदों का सहयोग करेंः अरविंद

जींद। स्वच्छ सर्वेक्षण.2024 के तहत जरूरतमंदों की समस्याओं को ध्यान में रखते नगर पालिका उचाना द्वारा आरआरआर सेंटर खोला गया। नपा सचिव अरविंद कुमार ने कहा कि दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाली वस्तुएं समय अनुसार खराब या प्रयोग में नहीं आती जिसके कारण लोग उन वस्तुओं को फेंक देते है। नपा उचाना द्वारा उन वस्तुओं को दोबारा से प्रयोग लाने के लिए मुहिम चलाई है। शहर के लोग उन वस्तुओं को आरआरआर सेंटर में जमा करवा सकते है ताकि कोई जरूरतमंद वस्तुओं का प्रयोग दैनिक जीवन में कर सके। सचिव ने कहा कि जरूरतमंदों का सहारा बनने के लिए हर कोई सहयोग करें। जो कपड़े छोटे हो जाते हैं, पुराने कपड़े किताबें या बर्तन जमा करवा सकते है। बहुत विद्यार्थी ऐसे होते है जो आर्थिक अभाव से किताबें नहीं खरीद पाते इसलिए जो विद्यार्थी कक्षा में पास हो गए है वे किताबें दें।




जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

### त्वरित समाधान के निर्देश

जींद। जिला के नागरिकों की समस्याओं के निपटारे के लिए उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया । शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जिलेभर से आई आठ समस्याएं उपायुक्त के सामने रखी गई। डीसी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य जनता को राहत पहुंचाना है। इसलिए सभी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। शिविर में कन्यादान राशि, बुढ़ापा पेंशन, आर्थिक सहायता, ऑनलाइन मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवास योजना और पानी निकासी जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।

# कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह अर्जुन स्टेडियम में तेइस मार्च को होगा

- युवा मित्र मंडल जींद करवाएगा 35 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

समाज सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते युवा मित्र मंडल जींद द्वारा आगामी 23 मार्च को अर्जुन स्टेडियम में 35 सौभाग्यवती कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का विधिपूर्वक विवाह संपन्न कराया जाएगा।

जिससे वे सम्मानपूर्वक अपने नए जीवन की शुरुआत कर सकें। संस्था के प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि इस सामूहिक विवाह समारोह का मुख्य उद्देश्य उन जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपनी बेटियों के विवाह का भार नहीं उठा सकते। इस आयोजन से समाज में समानताए सेवा, सहयोग और दानशीलता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। इस आयोजन में सभी जातियों और समुदायों की 35 बेटियों का विवाह पूरी विधिविधान से कराया जाएगा। सभी वधुओं को जीवनोपयोगी सामग्री, उपहार और आवश्यक घरेलू सामान प्रदान किया जाएगा ताकि वे नवजीवन की शुरुआत आत्मनिर्भरता के साथ कर सकें।



जींद। समाजसेवी राजकुमार गोयल को निमंत्रण देते आयोजक।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पंजाब के सीएम का पुतला फूंका

जींद। किसान छात्र एकता संगठन ने शांतिपूर्ण धरने पर बैठे किसानों जगजीत सिंह डल्लेवाल की तानाशाहीपूर्ण गिरफ्तारी के विरोध में पंजाब के सीएम भगवंत मान व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। संगठन ने सरकार के रवैये की कड़ी निंदा की और गिरफ्तार किसानों की तुरंत रिहाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने दमनकारी नीतियों को नहीं रोका तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन ने डीन ऑफ अकादमिक डा. विशाल वर्मा को राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एनएसयूआई अध्यक्ष जयदीप संधू, युवा अध्यक्ष कांग्रेस बलराज मौजूद रहे।

## गांव दबलैन में जिला प्रशासन ने किया रात्रि ठहराव

# नागरिकों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंत्योदय उत्थान लक्ष्य के साथ हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तय समय में मिलें व उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निवारण किया जा सके। इन्हीं उद्देश्य के साथ बुधवार देर सायं को नरवाना क्षेत्र के गांव दबलैन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुन मौके पर समाधान किया। उपायुक्त ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के सुशासन के उद्देश्य में रात्रि ठहराव कार्यक्रम महत्वपूर्ण कड़ी है। अंत्योदय उत्थान के ध्येय में यह एक परिवर्तनकारी प्रयास है। जिसका उद्देश्य प्रभावी शासन को ग्रामीण लोगों के करीब लाना है। यही लोकतंत्र की सही परिभाषा है, जहां जनता और शासन एक दूसरे के समानांतर दिखाई दे। डसी ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम सरकार का फ्लैगशिप प्रोग्राम है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की सोच है कि जिला प्रशासन के अधिकारी गांव में ठहरें और जनसमस्या सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान करें। इस दौरान उपायुक्त के समक्ष बारी-बारी से गांव के लोगों की समस्याओं को रखा गया। जिस पर उपायुक्त ने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्धारित समय अवधि में समाधान के निर्देश दिए।



जींद। डीसी के समक्ष समस्याएं रखते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

#### 470 प्लाट आबंटित

उपायुक्त ने बताया कि सीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत जिला के सात गांवों का सर्वे करवाया गया। जिसमें पात्र परिवारों को 100-100 गज के 470 प्लाट आबंटित किए गए। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना के तहत पात्र परिवारों का लाभ देने के लिए सभी गांवों में अधिकारियों द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। रात्रि ठहराव के दौरान नरवाना एसडीएम जगदीश चंद्र, जिला परिषद के सीईओ अनिल दून, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। प्रवचन सुनते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### सर्वस्व की भलाई के लिए प्रार्थना की

जींद। महान शक्ति संगठन कला धाम की ओर से रोहतक रोड स्थित कला धाम मंदिर में सर्वसुख शांति के लिए दुख निवारण महाअखंड जाप का आयोजन किया गया। ऋशि सुखदेव महाराज ने जय निराधार-जय कलाकार की पावन ध्वनि के साथ सभी भक्तजनों से बड़े हर्षोल्लास से जाप करवाया और सर्वस्व की भलाई के लिए प्रार्थना की। ऋषि सुखदेव महाराज ने सभी भक्तजनों को दिव्य ज्ञान अमृत रस धारा से मंत्रमुग्ध करते हुए कहा कि परमपिता प्रभु भगवान सच्चे भक्तों के शुद्ध पवित्र अंतःकरण में वास करते है। इसके लिए इंसान को प्रेम रूपी आंसुओं और नाम सिमरन रूपी साबुन द्वारा जन्मों जन्मों के मैं, मेरी, मोह ममता और विषय वासना से भरे हुए अंतकरण को शुद्ध पवित्र करना होगा। प्रभु भगवान जी कहते हैं कि मेरे बैठने की खातिर हृदय खाली करले तू। जब हो जाएगा हृदय शुद्ध, प्रभु कर दें मालोमाल, हो कृपा भारी।

**खबर संक्षेप**

### रोजगार मेले में 75 को मिले जॉब ऑफर लेटर

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जिला परिषद में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कैथल, स्वाभिमान फाइनेंस, सीवन व एकाश मोटर्स मारुति सुजुकी कैथल आदि कंपनियों ने भाग लिया। मेले के दौरान 123 इच्छुक प्रार्थियों ने नौकरियों के लिए, पंजीकरण करवाया व 75 प्रार्थियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिनमें से स्वाभिमान फाइनेंस सीवन द्वारा 13 प्रार्थियों को, एकांश मोटर्स कैथल द्वारा 10 प्रार्थियों को तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 52 प्रार्थियों को जॉब ऑफर किया गया।

### गुहला व सीवन खंड में लगाए जागरूकता शिविर

**गुहला-चीका।** डीसी प्रीति के दिशा-निदेर्शानुसार तथा एसडीएम प्रमेश सिंह के मार्गदर्शन में सीवन खंड के गांव हरनौला, अटैला, डोहर, ककराला कुंचिया, प्रेमपुरा, कसौर व जनेदपुर तथा गुहला खंड के गांव सुल्तानियां, मस्तगढ़, लालपुर, पपराला, रत्ताखेड़ा में जागरूकता शिविर के माध्यम से विभिन्न विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

### टयोंठा गांव से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी, केस

**कैथल।** गांव टयोंठा से चोर हजारों रुपए का बिजली का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। एसडीओ सपना रानी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 17 मार्च को गांव टयोंठा में रखा बिजली का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत 54400 बताई गई है। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रामवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध नशा मुक्ति केंद्रों पर होगी कार्रवाई : प्रीति

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में 11 वैध नशा मुक्ति संचालित किए जा रहे हैं। इनमें दो सरकारी व नौ प्राइवेट केंद्र शामिल हैं। इनके अलावा अगर कोई अन्य नशा मुक्ति संचालित किया जा रहा है, तो वह अवैध माना जाएगा। केंद्रों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं प्रभावी इलाज मिल सके। दो सरकारी केंद्रों के अलावा अग्रवाल मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र नजदीकी कारपोरेशन बैंक चीका, गांव अजीमगढ़ में अरदास अस्पताल में, श्री गुरू नानक चेतना फाउंडेशन ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 15 गुहला, ब्राइट फ्यूचर जन कल्याण ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 12 चीका, नई किरण अस्पताल कैथल, समर्थ नशा मुक्ति केंद्र अजीमगढ़, निर्वाण मनोरोग चीका आदि में हैं।

# केंद्रीय सहकारी बैंक की किठाना शाखा में अनपढ़ के खाते से लाखों की धोखाधड़ी का आरोप, बैंक ने नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



- राजा राम ने बैंक प्रबंधन पर लगाया आरोप
- 2000 में की थी एफडी, उससे पहले बैंक में थी 9 से 10 एफडी

कलायत दी कैथल केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की किठाना शाखा में अनपढ़ व्यक्ति से लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। राजा राम सुपुत्र लाली ने बैंक प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उन्होंने वर्ष 2000 में बैंक में एफडी करवाई थी।इससे पहले उनकी 9-10 एफडी इसी शाखा में थीं। बैंक कर्मचारियों ने उन्हें बुलाकर कहा कि एफडी पर ब्याज जोड़ना है। इस दौरान कई जगह अंगूठे लगवा लिए। बाद में पता चला कि एफडी तोड़कर खातों से लाखों रुपए निकाल लिए गए। राजा राम ने बताया कि जब 25 वर्षों का रिकॉर्ड मांगा तो बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें गुमराह कर फर्जी रिकॉर्ड दे दिया। इतने सालों में बैंक ने उन्हें सिर्फ दो चेक का रिकॉर्ड दिया जबकि खाते की स्टेटमेंट में कई चेक लगे दिखाए गए। स्टेटमेंट में कई बार खाते से पैसे निकाले जाने का जिक्र भी है। उन्होंने बताया कि पढ़ा लिखा नहीं होने के कारण बैंक कर्मचारी और अधिकारियों ने उनके साथ धोखाधड़ी कर लाखों रुपए की हेरा फेरी की गई। राजाराम ने बताया कि उनके साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत उनके द्वारा संबंधित बैंक उच्च अधिकारियों को दी गई लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने डीसी प्रीति से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाएं जाने की मांग की है।

**दो बार जांच, नहीं मिली कोई खामी**

दी केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड कैथल जीएम रणबीर सिंह बैनीवाल ने बताया कि इस मामले की दो बार जांच हो चुकी है। कोई खामी नहीं मिली। चेक की संख्या को लेकर बैंक प्रबंधक ही बता सकते हैं। बैंक अनपढ़ व्यक्ति को भी चेक दे सकता है। हमने सिर्फ एफडी की जांच की है। अगर मामला दोबारा संज्ञान में आता है तो फिर से जांच करवाई जा सकती है।

**चेक संख्या पर कुछ नहीं कह सकते**

शाखा प्रबंधक सुभाष चंद ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि चेक की संख्या को लेकर कुछ नहीं कह सकते। जो भी रिकॉर्ड मांगा गया, वह उपलब्ध करवा दिया गया है।



वर्कशाप के दौरान संबोधित करती रिसोर्स पर्सन पूजा शर्मा।

### डीएवी में आंतरिक प्रशिक्षण पर वर्कशॉप आयोजित

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में सीबीएसई बोर्ड के निर्देशानुसार 2 दिवसीय आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में पूजा शर्मा शामिल हुई। प्राचार्या, एसटीएसनी विकास जैन व स्टॉफ सदस्यों द्वारा रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया गया। वर्कशॉप में रिसोर्स पर्सन पूजा शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों के सतत विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम शिक्षकों को नए युग की शिक्षा प्रणाली से जोड़ेगा और छात्रों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि बदलते स्वरूप में शिक्षा का स्तर भी बदल गया है। आज की शिक्षा प्रणाली बहुत हद तक डिजिटल हो गई है। इस अवसर पर सभी उपस्थित शिक्षकों ने अपनी गहन रुची दिखाई और रिसोर्स पर्सन के द्वारा बताए गए बिंदुओं बड़े ध्यान से सुना। कार्यक्रम में स्कूल का समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

सरकार पंचायत को नपा बनाने पर कर रही है विचार

# फतेहपुर को नगर पालिका बनाने की चर्चा से आक्रोश

ग्रामीण बोले, पंचायत में आसानी से हो जाता है समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। गांव फतेहपुर में नगरपालिका को लेकर बैठक करते ग्रामीण।

गांव फतेहपुर वासियों में नगर पालिका के दर्जे को लेकर रोष है। सरकार द्वारा फतेहपुर को नगर पालिका का दर्जा देने पर विचार किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय निवासी इस निर्णय के विरोध में हैं। फतेहपुर निवासी सल्तान वालिया, कनिश वालिया, अरूण, सुरेश, बोबी, केदार, राजेश व सुभाष आदि ने कहा कि वे पंचायत व्यवस्था को ही पसंद करते हैं और नगर पालिका के दर्जे के साथ उनके गांव की शांति और सौहार्द बिगड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत व्यवस्था में उनकी समस्याओं का समाधान आसानी से होता है, लेकिन नगर पालिका के दर्जे के साथ उन्हें अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि वे अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें और फतेहपुर को पंचायत व्यवस्था के साथ ही रहने दें। फतेहपुर के निवासियों ने सरकार से मांग की है कि वे फतेहपुर को पंचायत व्यवस्था के साथ ही रहने दें और नगर पालिका के दर्जे की घोषणा को रद्द करें। उन्होंने कहा कि वे अपने गांव की शांति और सौहार्द को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए फतेहपुर के निवासी जल्द ही सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने वाले हैं। उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी मांग पर गौर करेगी और फतेहपुर को पंचायत व्यवस्था के साथ ही रहने देगी।

**तेजी से होगा विकास**

गांव फतेहपुर में फंड की कमी के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फतेहपुर का क्षेत्रफल और आबादी बहुत अधिक है, जिसके कारण विकास कार्य करवाने में काफी दिक्कत आती हैं। बारिश के दौरान नाले ब्लॉक हो जाते हैं और नालों की सफाई के लिए मशीन भी स्वास्थ्य विभाग या अन्य विभाग से लेनी पड़ती है। फतेहपुर में अनाज मंडी और बस स्टैंड जैसी सुविधाएं होने के कारण भी यहां नगरपालिका बनने के लिए कहा जा रहा है, इससे फतेहपुर में तेजी से विकास हो सकेगा और निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

सतपाल जांबा, विधायक पूंडरी

# प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है नायब सरकार का यह बजट : ईशम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



मुख्यमंत्री नायब सैनी को पुष्प गुच्छ भेंट करते वरिष्ठ भाजपा नेता ईशम सिंह साकारा।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और मार्किट कमेटी ढांड के पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गत पेश किए गए 2.05 लाख करोड़ रुपये के बजट पर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस बजट को राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए की गई घोषणाओं की सराहना की। उन्होंने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के फैसले की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और राज्य में लैंगिक समानता को बढ़ावा देगी। इसके अलावा, उन्होंने किसानों के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित 1 लाख एकड़ भूमि के लक्ष्य की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि ये कदम कृषि क्षेत्र में सुधार और किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होंगे। उन्होंने गुरुग्राम में नई मेट्रो लाइन और पंचकूला में ई.एस.आई. डिस्पेंसरी के निर्माण के प्रस्तावों का स्वागत किया, जो शहरी विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

### कलायतः मुख्यमंत्री से विशेष नीति बनाकर खेल स्टेडियम बनाने की मांग

**कलायत।** कलायत नगर पालिका आम चुनाव के बाद शहर में एक बार फिर से खेल स्टेडियम और व्यायामशाला का मुद्दा प्रमुखता से उठने लगा है। बृहस्पतिवार को सोनू बिढाण के आवास पर वार्ड 1 की पार्षद कुमारी रेणू धानियां के नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों और युवाओं ने विकास कार्यों को लेकर व्यापक चर्चा की। देश की आजादी के बाद पहली बार बेटी के तौर पर नगर पालिका में पार्षद चुनी गई रेणू धानियां के माध्यम से महिलाएं मुखरता से अपनी बात को शासन-प्रशासन के समक्ष उठाने के लिए सजग नजर आ रही हैं। जबकि इससे पहले महिलाएं मतदान के दिन ही मुख्य रूप से राजनीति के दंगल में नजर आती रही हैं। स्थानीय मुद्दों में उनकी सक्रियता अपेक्षाकृत कम रही हैं। लेकिन अब वक्त बदल रहा है। महिलाएं विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों में अपनी सहभागिता के लिए आगे आ रही हैं।



कलायत के वार्ड 1 में महिलाओं को सम्मानित करती पार्षद कुमारी रेणू धानियां

# कुपोषण को जड़ से खत्म करने में अहम भूमिका निभाएं सभी अधिकारी : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। बैठक को को निर्देश देते अतिरिक्ति उपायुक्त।

लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में कुपोषण मुक्त गांव अभियान के संदर्भ में बैठक आयोजित हुई। जिले के सभी चयनित 60 गांवों का विभाग की सभी सुपरवाईजरों से कुपोषण से संबंधित ब्यौरा लिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। उच्च अधिकारी स्वयं जाकर आंगनवाड़ी केंद्रो का दौरा करें। वहां पर जाकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें। आंगनवाड़ी केंद्र के आस-पास की स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था, किचन गार्डनिंग, आंगनवाड़ी केंद्र में वितरित किए जाने वाले राशन की गुणवत्ता आदि को चैक किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए गए कि आरबीएसके. टीम के द्वारा उन बच्चों को क्रॉस वैरिफाई चेक किया जाये जो कुपोषण से बाहर निकल गये हैं। उन्होंने एसडीएम कलायत को गांव शिमला व ढूंढवा व एसडीएम गुहला को गांव पोलड़ व रिवाड़ जागीर एवं जिला नगराधीश कैथल को गांव सेगा में निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

# डॉ. रुकमेश दुर्गा अवार्ड-2025 से सम्मानित

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



डा. रुकमेश चौहान बीर बांगड़ा को दुर्गा अवार्ड-2025 से सम्मानित करते हुए।

डा. रुकमेश चौहान बीर बांगड़ा को दुर्गा अवार्ड-2025 से किया सम्मानित। राजौंद में जानकारी देते हुए डा रुकमेश चौहान ने बताया कि दिल्ली द्वारिका के सेक्टर-7 में स्थित सेंटर फार कल्चरल एंड रिसोर्सेस ट्रेनिंग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली की जानी-मानी संस्था दुर्गा सप्तशती के फाउंडर संध्या सिंह व डायरेक्टर अनन्या सिंह के निर्देशन में दुर्गा अवार्ड -2025 सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भारत के अलग-अलग हिस्सों से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में हरियाणा की ओर से एकमात्र असिस्टेंट प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय महामंत्री भारत तिब्बत समन्वय संघ डा. रुकमेश चौहान बीर बांगड़ा को उनके राष्ट्रीय, धार्मिक सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यों एवं बाढ़ के दिनों में लोगों की सेवा को देखते हुए दुर्गा अवार्ड -2025 से सम्मानित किया गया। डा. चौहान अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में अभी तक अपनी चार पुस्तकों का प्रकाशन कर चुकी हैं तथा उनके अनेक रिसर्च जर्नल व अनेक पुस्तकों में शोध पत्र प्रकाशित हो चुके है तथा वर्तमान में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के साथ आदिवासी क्षेत्र पर शोध कार्य भी कर रही है। इसके साथ- साथ समय-समय पर समाज सेवा के कार्यों में भी अपनी भूमिका निभाती रहती है। दुर्गा सप्तशती संस्था पिछले कई वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को समय-समय पर सम्मानित करती है। दुर्गा सप्तशती संस्था का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं के काम को एक पहचान दिलाना है जो अलग-अलग क्षेत्र में समाज की किसी न किसी रूप में सेवा कर रही है।

# आरकेएसडी कॉलेज की छात्रा अंजना दर्शन सैनी को मिली इंस्पायर छात्रवृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

**होनहार बेटी को मिला मेहनत का पुरस्कार**

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि अंजना दर्शन सैनी बी.एससी. लाइफ साइंसेज (द्वितीय वर्ष) की छात्रा हैं, को उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए इंस्पायर छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया है। अंजना ने 12वीं कक्षा (मेडिकल स्ट्रीम) में 94.4% अंक प्राप्त किए और आरकेएसडी कॉलेज में प्रवेश लिया। छात्रवृत्ति की जानकारी ऑनलाइन मिली। जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. गगन मित्तल के मार्गदर्शन में उन्होंने कॉलेज के छात्रवृत्ति विभाग जिसका संचालन डॉ. एस.पी. वर्मा और गौतम गोयल द्वारा किया गया था के माध्यम से आवेदन किया।अपने प्रथम वर्ष में भी अंजना ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों को बनाए रखा और 8.58 सीजीपीए हासिल किया। छात्रवृत्ति की मेरिट-आधारित शर्तों को पूरा करने के बाद 1,20,000 की छात्रवृत्ति प्राप्त की। इसमें 60,000 बारहवीं कक्षा के प्रदर्शन के लिए और 60,000 बीएससी प्रथम वर्ष के लिए प्रदान किए गए।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मेहला ने अंजना को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# कैथल को नशा मुक्त बनाने के लिए आमजन करें सहयोगः एसपी

- सांघन, पाडला, गुहणा, सजुमा, गढ़ी में आमजन को नशा न करने के बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में गठित की गई इंस्पेक्टर रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार तथा होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम गांव गांव जाकर विभिन्न प्रोग्रामों के माध्यम से युवाओं सहित आमजन नशा के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए नशा ना करने बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार को उक्त पुलिस टीम ने सांघन, पाडला, गुहणा, सजुमा, गढ़ी में आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया। एसपी राजेश कालिया ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों तथा आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशा का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है। नशा से आर्थिक नुकसान के साथ साथ शारीरिक नुकसान भी होता है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है। नशा मुक्ति अभियान की सफलता के लिए हम खुद सही होंगे तो समाज खुद-ब-खुद सुधर जाएगा। नशा मुक्ति के लिए समाज सहयोग चाहिए होगा। पुलिस विभाग द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। किसी भी प्रकार के नशा तस्कर की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। गावों में युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए निरंतर तौर पर खेल प्रतियोगिताएं करवाएं।

### जींद रोड पर शहनाई गार्डन के सामने गढ्ढों से परेशानी

**राजौंद।** नगर के जींद रोड पर शहनाई गार्डन के सामने सडक पर बड़े-बड़े गड्ढे आने जाने वाले छोटे बड़े वाहन चालकों के लिए हर समय खतरा बन रहे हैं। कई बार टू व्हीलर वाहन चालक चोटिल भी हो चुके हैं। सड़क पर वाहनो का गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं। इस टूटी हुई सड़क के कारण वाहन चालकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी निवासी राजपाल, सुभाष, देशराज, रामकुमार ने बताया कि कई बार इसकी लिखित शिकायत दे चुके हैं। लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही। जिसका खामियाजा वाहनों को तुड़वाकर भुगतना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन वाहन तुड़वाने पड़ रहे है।

**कार्यक्रम**

नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के चुनाव संपन्न, अब तक चार में से तीन चुनावों में कृष्ण को मिली है जीत

# कृष्ण मित्तल 199 वोटों से जीते, तीसरी बार बने आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन कैथल के प्रधान कृष्ण मित्तल अपने समर्थकों के साथ

नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन कैथल का चुनाव वीरवार को संपन्न हुआ। इस चुनाव में कृष्ण मित्तल ने जीत दर्ज की और तीसरी बार नई अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान बने। मित्तल ने प्रतिद्वंद्वी कृष्ण गोयल को 199 वोटों से हराया। इस चुनाव में प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवारों में सीधा मुकाबला था। मंडी में कुल 525 मत हैं, इसमें से 523 वोट डले। जबकि कोई वोट रद्द नहीं हुआ। 523 वोट में से कृष्ण मित्तल को 361 व कृष्ण गोयल को 162 मत मिले। इस प्रकार कृष्ण मित्तल ने 199 वोट के भारी अंतर से जीत दर्ज की।

**गेहूं के सीजन से पहले मंडी को मिला नया प्रधान**

गेहूं के सीजन से पहले मंडी को नया प्रधान मिल गया। मंडी में व्यवस्थाओं को लेकर कार्य करना प्रधान की जिम्मेदारी रहेगी। गेहूं के सीजन में कुछ ही दिनों का समय बचा है। ऐसे में सीजन से पहले चुनाव करवाने का फैसला लिया गया था। बता दें कि एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होनी है, ऐसे में एसोसिएशन से पहले चुनाव करवाने का निर्णय लिया है, ताकि सीजन में आढ़तियों व किसानों को दिक्कतें न हों।

मतदान प्रक्रिया सुबह नौ बजे शुरू हुई, जो दोपहर दो बजे तक रहा जारी रही। इसके बाद तुरंत परिणाम आया। नई अनाज मंडी में बने मार्केट कमेटी कार्यालय में वोट डाले गए। चार बार लड़े चुनाव तीन बार मिली जीत

कृष्ण मित्तल चार बार नई मंडी एसोसिएशन के प्रधान पद का चुनाव लड़ चुके हैं। इसमें से वे तीन बार प्रधान बन चुके हैं। इससे पहले कृष्ण मित्तल वर्ष 2019 से 2020, 2020 से 2021 में प्रधान बन चुके हैं। 2021-2022 का चुनाव हार चुके हैं। जीत के बाद कृष्ण मित्तल का कहना है कि अब वे मंडी के आढ़तियों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू करवाना, मंडी में बिजली, पानी व सफाई पर विशेष ध्यान देंगे।

**शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ चुनाव**

चुनाव अधिकारी राजेंद्र खुराना ने बताया कि वीरवार को नई अनाज मंडी एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। इस चुनाव में कृष्ण मित्तल ने 199 वोटों से जीत दर्ज की है।

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्टल के साथ युवक काबू

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव करमगढ़ के निकट व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद किया है। सदर थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव करमगढ़ के निकट युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया।

### डा. सुमन होंगी नागरिक अस्पताल की सीएमओ

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को आखिरकार काफी समय के बाद अपना सीएमओ मिल गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डा. सुमन कोहली को जींद का सीएमओ मनोनित किया गया है। इसके साथ ही पीएमओ का एडिशनल चार्ज भी उनके पास रहेगा। गौरतलब है कि जींद अस्पताल के सीएमओ डा. गोपाल गोयल सेवानिवृत हो गए थे।

### महिला पर हमला कर किया घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव हसनपुर में घर में घुस कर लड़कियों से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर लड़कियों की मां के साथ मारपीट करने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने, अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अलेवा थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकातय में बताया कि वह गांव हसनपुर के आरोही स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है।

### कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की जान गई

**कैथल।** कांगथली गांव में एक सड़क हादसे में 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। इस मामले में सीवन थाना की पुलिस ने मृतक के मामा की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीवन थाना में दी गई शिकायत में मृतक के मामा रजवंत सिंह ने बताया कि उसका 48 वर्षीय पोलड़ निवासी भांजा अशोक कुमार सब्जी बेचने का काम करता था।

### बकाया राशि लेने पहुंचे युवक पर हमला, केस

**जींद।** बकाया राशि को लेने दुकान पर पहुंचे युवक पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दुकानदार समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव धर्मगढ़ निवासी अमनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सफीदों निवासी शुभम से पीवीसी व अन्य सामान खरीदा था।

### चोरों ने दुकानदार के गल्ले से हजारों चुराए

**कैथल।** कैथल के भगत सिंह चौक स्थित एक दुकान से चोर दुकान के गल्ले से हजारों रुपए की राशि लेकर फरार हो गए। गांव पाडला के मनीष ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह भगत सिंह चौक पर मशीन मरम्मत की दुकान करता है। आरोप कि 18 मार्च को सायं करीब साढ़े 6 बजे दो लड़के उसके दुकान के गल्ले से 29000 की राशि लेकर फरार हो गए।

### फिरौती के लिए फायरिंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पूंडरी में फिरौती के लिए एक दुकान पर फायरिंग करने के मामले में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई एएसआई मोहन लाल की टीम द्वारा मामले में वांछित आरोपी गांव पाई निवासी नवीन तथा साहिल व बहादुरगढ़ जिला झज्जर निवासी दीपक उर्फ टोनी को काबू कर लिया गया।

### युवती बगैर बताए घर से लापता, केस

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से एक युवती बिना बताए घर से लापता हो गई। इस संबंध में रामनगर कैथल के एक व्यक्ति ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 मार्च को उसकी 19 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

## नागरिक अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी टेस्ट सुविधाओं की डैड लाइन तय

# 31 मार्च तक हर हाल में उचाना की लैब को जींद में लाया जाएगा

### डीजी हेल्थ के अस्पताल को लैब विस्तार करने के निर्देश

**इस समय अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में डिस्टिक इंटीग्रेटिड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटरी लैब चलाई जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग स्थित लैब। फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले लोगों के सभी तरह के टेस्ट एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार काम कर रहा है। इस समय सामान्य अस्पताल की लैब में टीबी, एड्स सहित अन्य बीमारियों के टेस्ट एक ही छत के नीचे हो रहे हैं जबकि काले पीलिया, कोरोना सहित अन्य गंभीर बीमारियों के सैंपल उचाना की लैब में भेजे जाते हैं। कोरोना के समय में जांच को लेकर तैयार की गई यह आरटीपीसीआर लैब तब से वहीं चल रही है। ऐसे में सैंपल वहां ले जाने में काफी समय बर्बाद होता है। डीजी हैल्थ ने निर्देश दिए थे कि सभी टैस्ट एक ही जगह हों। अब 31 मार्च तक हर हाल में उचाना की लैब को जींद लैब में लाया जाएगा ताकि एक ही लैब में सभी तरह के टेस्ट एक ही जगह हो सकें। **डीजी हैल्थ ने दिए हैं अस्पताल को लैब विस्तार करने के निर्देशः** नागरिक अस्पताल में आने वाले लोगों के सभी तरह के टेस्ट एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों, इसके लिए डीजी हैल्थ ने लैब विस्तार को लेकर जींद स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिए थे। जिस पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने आदेशों की पालना करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी। उचाना की आरटीपीसीआर लैब प्रभारी डा. जेके मान ने लैब की जगह को लेकर पुरानी बिल्डिंग स्थित जगह का जांचने का काम किया था। यहां प्रभारी द्वारा लैब के ऊपर तीसरे तल को लैब के लिए कुछ उपयुक्त पाया गया था। डा. जेके मान का कहना है कि लैब में गंभीर बीमारियों के सैंपलों की जांच होती है। इसलिए संक्रमण फैलने का खतरा भी हर समय बना रहता है। ऐसे में लैब को तीसरे तल पर लाया जाए तो यहां आमजन का आवागमन भी कम होगा और संक्रमण फैलने का खतरा भी कम होगा। **नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में है लैबः** इस समय अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटिड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी लैब चलाई जा रही है। हालांकि लैब में इस समय नॉर्मल बीमारियों से संबंधित टैस्ट, एचआईवी, टीबी, मलेरिया टैस्ट लैब के अलग-अलग कमरों में किए जा रहे हैं। अब एक ही छत के नीचे टैस्ट होने से मरीजों को फायदा होगा। इसके अलावा लैब का नाम भी नैशनल इंटीग्रेटिड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी लैब हो जाएगा।

**एक जगह होंगे टेस्ट**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. भोला ने बताया कि हर हाल में 31 मार्च से पहले उचाना की कोरोना व हैपेटाइटिस लैब को जींद लाया जाएगा। डीजी हेल्थ द्वारा जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। एचआईवी, मलेरिया, कोराना, हैपेटाइडिस व टीबी के टेस्ट एक जगह मिलने से लोगों को लाभ होगा।

**अलग-अलग जगह हो रहे टेस्ट**

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। 100 बैड पुरानी बिल्डिंग में और 100 बैड नई बिल्डिंग में हैं। प्रतिदिन लैब में 600 से 700 टैस्ट अलग-अलग बीमारियों को लेकर किए जाते हैं। इसके अलावा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा फिल्ड से लिए गए सैंपलों की जांच भी लैब में की जाती है। वहीं नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांच को लेकर चिकित्सकों द्वारा जो टैस्ट लिखे जाते हैं, उनके टैस्ट पुरानी बिल्डिंग स्थित लैब में किए जाते हैं। जबकि मलेरिया, एचआईवी, टीबी टैस्ट के लिए सीएमओ कार्यालय के सामने मौजूद बिल्डिंगों में जाना पड़ता हैं। वहीं मलेरिया टैस्ट के लिए भी पुरानी बिल्डिंग में इमरजेंसी के पास ही अलग से कमरा बनाया गया है।



जींद। सरसों की सरकारी खरीद शुरू करवाते हैफेड मैनेजर सुनीता देवी।

# दो किसानों की पैंतीस क्विंटल सरसों खरीदी

- सरसों खरीद के छठे दिन दो किसान पहुंचे सरसों बेचने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना में सरसों की सरकारी खरीद हैफेड द्वारा कपास मंडी में शैड के नीचे की जा रही है। गुरूवार को सरसों लेकर पहुंचे दो किसानों की 35 क्विंटल फसल को खरीदा गया। फसल आते ही मंडी में बिकने के बाद किसान खुश नजर आए। किसानों ने कहा कि फसल मंडी में आते ही बिकने से वो शाम को अपने घर वापिस जा सकेंगे। अब फसल बेचने के लिए कई.कई दिन मंडी नहीं रूकना पड़ता है। इस बार बीते साल से पहले सरसों की खरीद सरकार ने शुरू करने का काम किया है। सरसों का भाव 5950 रुपये प्रति क्विंटल सरकार द्वारा तय किया है। इस बार 15 मार्च से खरीद शुरू हो चुकी है। हैफेड मैनेजर सुनीता देवी ने खरीद शुरू करवाने के बाद कहा कि किसानों की सरसों की फसल को वेरीफाई है, उसको खरीदा जाएगा। किसान साफ, सुखी फसल लेकर आएं ताकि उनकी फसल मंडी में आते ही बिक सकें। किसी तरह की परेशानी किसानों को फसल बेचने में नहीं आने दी जाएगी। इस बार बीते साल से पहले सरसों की खरीद शुरू हो गई है। कोई शेड्यूल सरसों बेचने के लिए नहीं बनाया गया है। किसान किसी भी समय आकर अपनी फसल को बेच सकते हैं। आठ प्रतिशत तक नमी वाली फसल को जो सरकारी नियमानुसार होगी उसको आते ही खरीदा जा रहा है। इस मौके पर मार्केट कमेटी से राजबीर नैन, हैफेड सेल्समैन सतीश नचार मौजूद रहे। वहीं विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि किसान हितैषी सरकार निरंतर किसान हित के फैसले ले रही है।

# गांव चंदाना के तालाब में तैरता मिला युवती का शव

- सुबह के समय सैर के लिए निकली थी युवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चंदाना गांव के तालाब से वीरवार सुबह एक युवती का शव बरामद हुआ है। युवती की पहचान गांव कही ही करीब 23 वर्षीय भतेरी देवी के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया है। प्राप्त जानकारी अनुसार वीरवार को जब गांव के लोग अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए तालाब पर लेकर गए तो उन्हें पानी पर युवती का शव दिखाई दिखा। ग्रामीणों ने तुरंत इस संबंध में पुलिस को सूचना दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार युवती प्रतिदिन सुबह सैर के लिए तालाब की ओर जाती थी। वीरवार को भी जब सुबह वैसे ही टहलने के लिए गई थी और अचानक पांव फिसलने से वह तालाब में गिर गई तथा उसकी मौत हो गई।

जब युवती का शव बाहर निकाला गया तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब की कुछ समय पहले गहराई बढ़ाई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि युवती आईटीआई करने के बाद घर रह रही थी।

### रा. आईटीआई में कैपस प्लेसमेंट 25 कोः मच्छाल

**कैथल।** राजकीय आईटीआई में 25 को कैपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दर्जनों प्रतिष्ठित कंपनियां आईटीआई पास कर चुके विद्यार्थियों को शिक्षुता व जोब पर लेंगी। इसे लेकर संस्थान के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कैंपस प्लेसमेंट के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया तथा विभिन्न अधिकारी व कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई। बताया कि प्लेसमेंट में स्वराज इंजन लि0 मोहाली, हीरो मोटो कार्प नीमराना राजस्थान आदि के द्वारा फीटर, टर्नर, मशीनीस्ट, मैकेनिक डीजल, टूल एंड डाई, एमएमवी, वैल्डर व अन्य कोर्सों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 11000 से 17325 रुपए तक वेतन दिया जाएगा। बता दें कि आईटीआई में छात्रों को आधुनिक मशीनों से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# महिला सब इंस्पेक्टर के खिलाफ केस दर्ज

### तीन युवकों द्वारा यौन शोषण किए जाने से गर्भवती हुई थी मंदबुद्धि युवती

- मामला अदालत में विचाराधीन, गवाही पर आया हुआ यौन शोषण का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




मंदबुद्धि दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों पर गवाही से मुकरने तथा समझौते के लिए दबाव डालने पर शहर थाना पुलिस ने महिला सब इंस्पेक्टर के खिलाफ पद का दुरुपयोग करने तथा धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 मई 2023 को उसने उसकी 30 वर्षीय मंदबुद्धि बेटी के साथ श्याम नगर निवासी दिनेश, रोहित तथा एक उनके दोस्त के खिलाफ यौन शोषण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया था। जिसके चलते उसकी मंदबुद्धि बेटी गर्भवती हो गई थी। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। अब मामला अदालत में विचाराधीन है और गवाही पर आया हुआ है। गत पांच मार्च को पुलिस में ड्यूटीरत महिला सब इंस्पेक्टर सुनीता ने पीड़िता की मां के पास फोन किया और अदालत में गवाही ने देने तथा समझौता करने के लिए दबाव डाला। महिला सब इंस्पेक्टर की बात न मानने पर उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। शिकायत के आधार पर जब पुलिस ने मामले की जांच की तो सामने आया कि आरोपित सब इंस्पेक्टर सुनीता की शहर थाना में कोई तैनाती नही है।

**मामले की जांच जारी**

महिला सब इंस्पेक्टर पीड़िता की मां से भी मिली और उसे गवाही से मुकरने, समझौता न करने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने बात भी सामने आई। शहर थाना पुलिस ने शोषण का शिकार हुई लड़की की मां की शिकायत पर आरोपित महिला सब इंस्पेक्टर के खिलाफ पद का दुरुपयोग करने, दबाव बनाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना की जांच अधिकारी निर्मला कुमारी ने बताया कि पीड़िता की मां ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।




कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

**2068 लाभार्थियों को मिली पहली किश्त**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका भी अपना पक्का घर हो। जरूरतमंद लोगों के इस सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रदेश के करीब 36 हजार लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता की प्रथम किश्त जारी की। इसमें जिले के 2068 लाभार्थी भी शामिल है, जिन्हें पहली किश्त के रूप में 45-45 हजार रुपये मिले हैं। डीसी प्रीति ने कहा कि यह घर जरूरतमंद व्यक्ति के बेहतर भविष्य का आधार बनेगा। जरूरतमंद लोग आगे बढ़ेंगे तो देश व प्रदेश आगे बढ़ेगा। इसके अलावा जो परिवार वर्ष 2017-18 योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे, उनके लिए सरकार ने योजना का लाभ लेने के लिए आवास प्लस पोर्टल खोल दिया गया है।

### रामसर पार्क में मिला व्यक्ति का शव

**सफीदों।** सफीदों नगर के रामसर पार्क में गुरूवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब वहां पर एक लाश पड़ी हुई मिली। किसी ने पार्क में लाश पड़ी देखी तो उसने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पाकर डायल 112 मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान गांव खेड़ा खेमावती निवासी अनिल (45) के रूप में हुई है। मौके पर एफएसएल टीम को बुलवाया गया। टीम द्वारा शव का निरीक्षण करने के उपरांत उसे नागरिक अस्पताल में रखवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार उपमंडल के गांव खेड़ा खेमावती का अनिल बुधवार दोपहर से गायब था और परिवार के लोगों ने उसे काफी ढुंढा लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। गुरूवार को किसी ने सफीदों के रामसर पार्क में एक शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। उसने इसकी सूचना डायल 112 व सिटी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का निरीक्षण किया।

### धोखाधड़ी करके बैंक से लिया 20 लाख का लोन

**जींद।** कुंजपुरा सैनिक स्कूल के कर्मचारी बन कर फर्जी सैलरी स्लिप पर 20 लाख रुपये का लोन लेने पर शहर थाना पुलिस ने बैंक मैनेजर की शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ फर्जी कागजातों का सहारा लेने, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया दीवान खाना मार्केट शाखा की मैनेजर मीनू सिंहमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव मुंड जिला करनाल निवासी कुलबीर तथा गांव सहनेवाल लुधियाना पंजाब निवासी सोनू शर्मा ने 16 जनवरी 2023 तथा 12 जनवरी 2023 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा दीवान खाना मार्केट से खुद को सैनिक स्कूल कुंजपुरा के कर्मचारी बता और फर्जी सेलरी स्लिप पर 10-10 लाख का लोन ले लिया। आरोपितों ने सैनिक स्कूल कुंजपुरा के कर्मचारी होने के दस्तावेज भी प्रस्तुत किया।

# जींद की छह कालोनियां हुई वैध

- अब नप शुरू करेगी इन कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं देने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश की नायब सरकार ने प्रदेश के 10 जिलों की 74 और अवैध कालोनियों को वैध किया है। इसमें जींद जिले की छह कालोनियां शामिल हैं। अब नगर परिषद द्वारा इन कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में काम शुरू करवाया जाएगा। नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी के अनुसार सरकार ने वीरवार को वैध कालोनियों की सूची जारी की है। इसमें सिरसा जिले में सर्वाधिक 19 अनधिकृत कालोनियों को वैध किया गया है। इसी तरह से गुरुग्राम में 12, भिवानी और फतेहाबाद जिला में 10-10, यमुनानगर व जींद में छह-छह, सोनीपत में तीन, झज्जर, कैथल व रोहतक में दो-दो तथा महेंद्रगढ़ और नूंह की एक-एक कालोनी को नियमित किया है। जिलों से ाई सर्वे रिपोर्ट के आधार पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने इन कालोनियों को नियमित किया है। निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने कालोनियों को नियमित करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। अब नगर परिषद द्वारा इन कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में काम शुरू करवाया जाएगा। नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी के अनुसार सरकार ने वीरवार को वैध कालोनियों की सूची जारी की है।

**विकास का खाका तैयार होगा**



नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि वैध घोषित हुई कालोनियों में बिजली, पानी, सड़क, सीवरेज व पार्क जैसी मूलभूत सुविधाएं भी अब सरकार मुहैया कराएगी। नगर परिषद द्वारा जल्द ही इन कालोनियों में विकास का खाका तैयार करवाया जाएगा और कच्ची गलियों को पक्का करवाने का काम किया जाएगा।

**कार्रवाई** उपायुक्त ने महिला सरपंच परमजीत कौर को किया सस्पेंड

# ग्राम पंचायत आंधली की भूमि का गलत प्रयोग करना महिला सरपंच को पड़ा महंगा

**बिना लीज पर दिए ही पट्टेदारों को ओटीपी देकर जमीन पर खेती की अनुमति दे दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ग्राम पंचायत की 52 एकड़ जमीन का गलत प्रयोग करने पर कैथल की डीसी प्रीति ने सीवन ब्लॉक के गांव आंधली की महिला सरपंच परमजीत कौर को हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51(1) बी के तहत निलंबित कर दिया। महिला सरपंच ने बिना लीज पर दिए ही पट्टेदारों को अपने मोबाइल का ओटीपी देकर जमीन पर खेती की अनुमति दे दी। इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत को लाखों रुपये का नुकसान हुआ, क्योंकि बिना लीज प्रक्रिया के पंचायती भूमि पट्टेदारों को दी गई। पट्टेदारों ने सरकारी योजनाओं का अवैध लाभ उठाकर फसल का पंजीकरण करवाया और उसे बाजार में बेचने का रास्ता साफ किया। इस कार्रवाई से न केवल पंचायत को वित्तीय नुकसान हुआ, बल्कि पंचायती व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी अनुसार, मामला मई और जून 2024 का है। गांव के अवतार सिंह ने डीसी को शिकायत की थी कि सरपंच ने पट्टेदारों को 'मेरी फसल मेरा बयोरा' पोर्टल पर भूमि का पंजीकरण करवा दिया। इससे पट्टेदार सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें और अपनी फसल बेच सकें। निलंबन के बाद सरपंच परमजीत कौर अब ग्राम पंचायत की किसी भी बैठक में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा, लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर निजी सुनवाई का अवसर भी दिया। इसके बावजूद सरपंच द्वारा दिए गए बयान असंतोषजनक पाए गए, जिसके बाद डीसी ने उन्हें निलंबित कर दिया।

**जांच कमेटी करेगी विस्तृत जांच**

डीसी कैथल ने सरपंच को निलंबित करने के बाद मामले की विस्तृत जांच के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में अतिरिक्त उपायुक्त कैथल (अध्यक्ष),उपनिदेशक कृषि एवं कल्याण विभाग, कैथल (सदस्य), खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सीवन (सदस्य) शामिल हैं। यह कमेटी एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट डीसी को सौंपेगी।

**जांच में आरोप सही पाए गए**

डीसी कैथल ने मामले की जांच सीवन ब्लॉक के बीडीपीओ (खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी) को सौंपी। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि सरपंच परमजीत कौर ने न तो जांच में सहयोग किया और न ही कोई बयान दर्ज कराया। रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि सरपंच ने पंचायती भूमि को लीज पर दिए बिना ही ओटीपी साझा कर अवैध तरीके से फसल का पंजीकरण करवाया।



कलायत। टीम के साथ धान मिलों की जांच करते एसडीएम अजय हुड्डा।

**राइस मिल के स्टॉक की भौतिक पड़ताल**

**कलायत।** प्रदेश में धान मिलों के भंडारण को धरातल पर परखने के लिए प्रशासन गहनता से जांच-पड़ताल में लगा है। कलायत एसडीएम अजय हुड्डा जिला के विभिन्न मिलों की मौजूदा स्थिति को परखने में लगे हैं। इसके लिए कई टीमें गतिशील हैं। इस दौरान मिल में भंडार किए गए धान और एफसीआई को भेजी गई सप्लाई अनुसार स्थिति का ब्यौरा जुटाया जा रहा है। इसके लिए आन लाइन विवरण अनुसार मौका पर मौजूद स्टाक का मिलान हो रहा है। एसडीएम ने कहा कि हर स्तर पर मिलों में स्टाक पर प्रशासन की नजर है। किसी प्रकार की गड़बड़ी भंडारण व सप्लाई के नाम पर नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन यह विशेष रूप से ख्याल रखेगा कि निर्धारित पोर्टल अनुसार भंडारण स्थल पर धान स्टाक की उपलब्धता रहे। यदि पारदर्शिता से जुड़े पहलु में कोई चूक मिलती है तो संबंधित मिल व जिम्मेवार अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही होगी।